NBT नवभारत टाइम्स Hindi

Fake Milk Video : भिंड के दो गोदामों में मिला सफेद 'जहर' तैयार करने का सामान, इससे बनता नकली दूध

भिंड
पुलिस ने गोहद इलाके में स्थित दो गोदमों पर छापा मारकर बड़ी मात्रा में नकली दूध तैयार करने का सामान जब्त किया है। यह कार्रवाई सोमवार की रात की गई है। पुलिस ने मौके पर फूड सेफ्टी ऑफिसर को बुलाकर पकड़े गए सामान की सैंपलिंग भी करवाई है। इसके साथ ही दो आरोपियों पर गोहद चौराहा थाने में मामला भी दर्ज किया है।
दरअसल, भिंड पुलिस को सूचना मिली थी कि गोहद निवासी अवधेश शर्मा के गौतम नगर और रेलवे स्टेशन रोड स्थित गोदामों में बड़ी मात्रा में नकली दूध तैयार करने का सामान रखा हुआ है। इसी सूचना पर से गोहद एसडीओपी नरेंद्र सोलंकी ने पुलिस टीम भेजकर मौके पर कार्रवाई करने को कहा। इसके बाद पुलिस की एक टीम ने अवधेश शर्मा के गौतम नगर स्थित गोदाम पर पहुंची, जहां पुलिस को बड़ी मात्रा में नकली दूध तैयार करने का सामान मिला।

अवधेश शर्मा के रेलवे स्टेशन पर स्थित दूसरे गोदाम पर भी पुलिस को नकली दूध तैयार करने का सामान मिला। यहां से पुलिस को 665 किलो आरएम केमिकल, 290 किलो एसिड, 3000 किलो हाइड्रोपराक्साइड, 825 किलो मॉल्टन पाउडर, 297 लीटर डिटर्जेंट्स, 50 किलो बेकरी प्रीमियम आदि सामान मिला है। मौके पर फूड सेफ्टी ऑफिसर रेखा सोनी को भी बुलवाया गया। रेखा सोनी ने सभी पकड़े गए सामान की सैंपलिंग भी की है। पुलिस ने अवधेश शर्मा और बनवारी सिंह पर धारा 420 272 273 के तहत गोहद चौराहा थाने में प्रकरण दर्ज कर लिया है।

Source: https://navbharattimes.indiatimes.com/state/madhya-pradesh/bhind/bhind-police-raids-on-two-warehouses-confiscated-fake-milk-making-goods/videoshow/87734340.cms